प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मनीष गर्ग

भारत निर्वाचन आयोग ने नए मतदाताओं के लिए रजिस्ट्रेशन के नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि कानून में नवीनतम संशोधन के अनुसार 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके नए वोटर मतदाता सूची में अपना नाम अब जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर की पहली तारीख को भी दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले एक जनवरी को ही मतदाताओं का नाम दर्ज किया जाता था। मनीष गर्ग ने कहा कि इन संशोधनों के दृष्टिगत एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनावों में वोट डालने के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।

स्टेट इलैक्शन आइकॉन

राज्य चुनाव विभाग ने मंडी निवासी साईकलिस्ट जसप्रीत पाल को स्टेट इलैक्शन आइकॉन बनाया है। चुनाव विभाग की ओर से प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग और साईकलिस्ट जसप्रीत पाल के बीच कल शिमला में एक समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए। जसप्रीत पाल युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वोट भी करें और फिट भी रहें इसी सोच के साथ जसप्रीत को स्टेट इलैक्शन आईकॉन बनाया गया है।

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण, युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे आज कांगड़ा जिले के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के नंगल चौक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस बीच अनुराग ठाकुर ने एक बयान में कांग्रेस पार्टी व उसके सहयोगी दलों पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार के संकल्प को पूरा करेगी।

नवरात्रे

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नव वर्ष विक्रमी संवत 2081 और चैत्र नवरात्रे आज से शुरू हो गए हैं। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु उपवास रख मां के चरणों में शीष नवाकर श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं।

नवरात्र के पहले दिन आज मां के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा–अर्चना की जा रही है। इस बीच शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। शिमला में नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तारादेवी मंदिर के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की विशेष बसें भी चलाई गई हैं। इस दौरान प्रदेश के मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

बारालाचा दर्रा

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 427 किलोमीटर लंबे मनाली लेह सड़क वहाली का कार्य युद्स्तर पर जारी है। सीमा सड़क संगठन के जवानों द्वारा 16050 फुट ऊंचे बारालाचा दर्रे तक बर्फ हटाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बीआरओ ने जिस्पा से 6 मार्च को बर्फ हटाने का कार्य शुरू किया था और अब बारालाचा दर्रे से सरचू तक 30 किलोमीटर सड़क से बर्फ हटाने का कार्य शेष है। मौसम अनुकूल रहा तो 15 अप्रैल तक मनाली लेह सरचू हाइवे से बर्फ हटाने का कार्य पूरा कर दिया जाएगा ।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों मौसम आमतौर पर साफ़ बना हुआ है। दिन में तेज़ खिली धुप के चलते मैदानी क्षेत्रों में दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। राजधानी शिमला में भी मौसम साफ़ रहने के बावजूद सुबह शाम तापमान कम होने से हल्की ठंड बनी हुई है। हालांकि राज्य में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज से आगामी कुछ दिन मौसम खराब रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज कहीं कहीं हिमपात होने जबकि कल 10 अप्रैल को मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में वर्षा व हिमपात की सम्भावना जताई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशियों पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–सभी नेताओं का सुझाव–मंडी से चुनाव लड़ें विक्रमादित्य, कांगड़ा से आशा के नाम पर भी चर्चा। दिव्य हिमाचल लिखता है– अब 13 अप्रैल को हो सकता है कांग्रेस की टिकटों का एलान। हिमाचल दस्तक के मुताबिक–कांग्रेस 13 को घोषित करेगी प्रत्याशी–लोकसभा के साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए चेहरों का एलान संभव। आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–कांग्रेस चुनाव के लिए तैयार, स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी उतारेंगे।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के बयान को सुर्खी दी है–सनातन विरोधी है कांग्रेस, हिमाचल में कांग्रेस ने अपनी जीत को 97 फीसदी हिंदुओं की हार के रूप में दिखाया।

पंजाब केसरी की एक खबर है–सुप्रीम कोर्ट ने शानन प्रोजेक्ट को लेकर केंद्र व हिमाचल सरकार से जवाब मांगा। जबकि हिमाचल दस्तक का कहना है–तीन माह में लिखित में बताना होगा, 29 जुलाई को सुनवाई। इसी समाचार पत्र के मुताबिक–हिमाचल सैलानियों से गुलजार, स्पीड पकड़ेगा कारोबार।

कर्मचारियों की एसीआर के लिए तय होंगे टारगेट–कार्मिक विभाग ने आईटी और एनआईसी से चर्चा शुरू की शीर्षक से खबर को दिव्य हिमाचल ने प्रमुखता दी है।

एचपीटीडीसी से संबंधित खबर पर दैनिक भास्कर ने लिखा है–उपवास करने वाले पर्यटकों को निगम के होटलों में 260 रूपये में मिलेगी स्पेशल थाली। इसी समाचार पत्र की एक अन्य खबर है–केंद्रीय जल आयोग ने ब्यास नदी तटीकरण का प्रोजेक्ट लौटाया।